# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक एफ 2(781)डीओआईटी/संस्था/10/ML-3884 जयपुर, दिनांक : 04.03.2022

**कार्यालय आदेश**

दैनिक उपस्थिति RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से Mark-In & Mark-Out से किए जाने के संबंध में विभागीय समसंख्यक आदेश 01534/2022 दिनांक 28/02/2022 की निरन्तरता में निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए जाते है :-

(अ) सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, समस्त जिला कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, डिजास्टर रिकवरी साईट डीओआईटीसी, राजकॉम्प ईन्फो सर्विसेज लिमिटेड एवं भामाशाह डेटा सेन्टर में पदस्थापित समस्त संवर्ग/कैडर के अधिकारी एवं कन्सलटेंटस् अपनी दैनिक उपस्थिति RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से Mark-In & Mark-Out करेगें। उपरोक्त कार्यालयों में संधारित उपस्थिति पंजिका में अधिकारियों द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं की जावें।

(ब) उपर्युक्त कार्यालयों में पदस्थापित अराजपत्रित कर्मचारी की दैनिक उपस्थिति से उक्त ऐप के माध्यम से Mark-In & Mark-Out अनिवार्य रूप से करेगें एवं पूर्व में संधारित की जा रही उपस्थिति-पंजिका में भी उपस्थिति दर्ज करेंगे।

(स) उपर्युक्त कार्यालयों में अवकाश आवेदन RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App पर एवं पूर्व की भांति राज-काज के माध्यम से ही किए जाएगें।

(द) राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधिनस्थ सेवा के विभिन्न विभागों में पदस्थापित अधिकारी/कर्मचारी (उपरोक्त वर्णित कार्यालयों के अतिरिक्त) भी अपनी दैनिक उपस्थिति दिनांक 07.03.2022 से RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से Mark-In & Mark-Out करेगें एवं संबंधित विभागों में पूर्व में संधारित की जा रही उपस्थिति-पंजिका में भी उपस्थिति दर्ज करेंगे।

(य) RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App का IOS-Version उपलब्ध नहीं होने तक ऐसे समस्त अधिकारी/कर्मचारी अपनी उपस्थिति यथावत उपस्थिति-पंजिका में दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे।

(र) समस्त जिलों में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग जिला कार्यालयों में पदस्थापित सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक)/एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर (उपनिदेशक) अपने स्तर पर दैनिक उपस्थिति RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से किए जाने के संबंध में एक समन्वय (Coordination) टीम का गठन कर इस विभाग को सूचित करेगें व उक्त टीम जिले में विभिन्न विभागों में दैनिक उपस्थिति के संबंध में आ रही समस्याओं व उनके समाधान के संबंध में विभाग द्वारा दिनांक 03.03.2022 को गठित की गई समन्वय (Coordination) टीम (संलग्न) से सम्पर्क/पत्र व्यवहार/ई-मेंल (rajsso.ams@rajasthan.gov.in) कर कार्यवाही करेगें।

04/03/2022

(संदेश नायक)
आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि :-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सू. प्रौ. और संचार विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक (तकनीकी), राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर।
4. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट, वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
5. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर (उपनिदेशक) समस्त जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राज0 जयपुर।
6. समस्त संबंधित अधिकारी/कर्मचारी/कन्सलटेंटस को पालनार्थ।
7. रक्षित पत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव